प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उ0प्र0
रोजगार भवन, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग,
पत्रांकः 221/एक/टी-1/0307/नियुक्ति/अनु0भर्ती/2014/56
लखनऊ दिनांकः/> नवम्बर, 2016

कार्यालय-आदेश

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अनुदेशक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या- अनु0 प्रशिक्षण/2/2014 दिनांक 07.11.2014 के क्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों में अभ्यर्थी श्री/श्रीमती/सुश्री ANUJ PAL को अनुदेशक PLUMBER के पद पर वेतन बैण्ड 9300-34800 ग्रेड वेतन रु0 4200 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्न शर्तों के अधीन अस्थाई रुप से नियुक्ति प्रदान करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जेवर (गौतमबुद्ध नगर) में तैनात किया जाता है:-

1. यह नियुक्ति पूर्ण रुप से अस्थाई है तथा 02 वर्ष की संन्तोषजनक परिवीक्षा अवधि के अधीन है। उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (अनुदेशक) सेवा नियमावली-2014 तथा राज्य सरकार की विज्ञप्ति संख्या- 20/1/74(1)/नियुक्ति-3 दिनांक 11.06.1975 एवं सरकारी सेवकों के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर प्रवृत्त अन्य नियमों एवं प्राविधानों के अधीन होगी।

2. उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के समय अभ्यर्थी को निम्न सूचनाए पूर्ण कर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा:-

(क) यदि अभ्यर्थी पूर्व से किसी विभाग/संस्थान में सेवारत है तो संबंधित विभाग/संस्थान के विभागाध्यक्ष/नियोजक द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र।

(ख) अभ्यर्थी के मूल निवास के जनपद या तैनाती के जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत सरकारी सेवा हेतु उपयुक्त होने का स्वस्थता प्रमाण-पत्र।

(ग) अभ्यर्थी के मूल निवास के जनपद के जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र अथवा केन्द्र/राज्य सरकार में सेवारत दो राजपत्रित अधिकारी जो अभ्यर्थी के सम्बन्धी न हों, द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र तथा अभ्यर्थी के अन्तिम शिक्षण संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र।

(घ) अभ्यर्थी द्वारा विवाहित/अविवाहित होने का शपथ-पत्र तथा यदि अभ्यर्थी विवाहित है तो एक से अधिक जीवित पति/पत्नी के न होने का शपथ-पत्र।

(ङ) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के समय प्रस्तुत किये गए शैक्षिक योग्यता, तक्नीकी योग्यता, अधिमानी योग्यता, अनुभव, जाति, आयु एवं विकलांगता प्रमाण पत्र आदि जो भी लागू हों, से संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियाँ।

(च) अभ्यर्थी को कार्य भार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष की अवधि के भीतर अपने व्यय पर शिल्प अनुदेशक प्रशिक्षण योजना के अधीन एक वर्षीय शिल्प अनुदेशक प्रमाण-पत्र/पी0ओ0टी0 (यदि अभ्यर्थी ने एक वर्षीय शिल्प अनुदेशक प्रमाण-पत्र/पी0ओ0टी0 प्रमाण पत्र, जो भी अभ्यर्थी के व्यवसाय/विषय में लागू हो, प्राप्त नहीं किया है) और एन0आई0ई0एल0आई0टी0 (पूर्ववर्ती डोयक सोसाइटी आफ इण्डिया) या किसी अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्था से कोर्स आन कम्प्यूटर कान्सेप्ट (सी0सी0सी0) में पाठ्यक्रम पूर्ण कर प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का घोषणा पत्र देना होगा जिसके लिए उन्हें कोर्स की अवधि का अवकाश प्रदान किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी अपने नियन्त्रण से परे कारणों से उक्त पाठ्यक्रम पूर्ण करने में असमर्थ रहते हैं तो उन्हें उक्त कोर्स पूर्ण करने के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है। यदि उक्त कोर्स समयान्तर्गत पूर्ण नहीं किया गया तो उसे उसकी आगामी एक वेतन वृद्धि अनुमन्य नहीं की जाएगी।

(छ) अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित प्रारुप पर चल/अचल सम्पत्ति के संबंध में घोषणा-पत्र।

(ज) अभ्यर्थी को नियुक्ति-पत्र निर्गत होने की तिथि से एक माह के अन्दर तैनाती के संस्थान में कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य है अन्यथा उनका चयन/नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

(झ) संबंधित अभ्यर्थी को तैनाती के संस्थान में इस पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई मार्ग व्यय या अन्य व्यय आदि देय नहीं होंगे।

3. यह नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या 63110/2014, 65983/2014, 61670/2014, 39806/2015, 42176/2015 तथा माननीय उच्च न्यायालय खण्ड पीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या 11999(एम0बी0)/2014, 12243(एम0बी0)/2014 एवं रिट याचिका संख्या 12537(एम0बी0)/2014 में पारित अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

कार्यभार ग्रहण कराते समय संस्थान के प्रधानाचार्य अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत की गई सत्यापित प्रतियों को उनके मूल अभिलेख/प्रमाण पत्रों से मिलान करने के उपरान्त ही कार्यभार ग्रहण करायें एवं कार्यभार ग्रहण कराने की सूचना तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(राजेन्द्र प्रसाद)
निदेशक

पत्रांकः 221 /एक/टी-1/0307/अनु0भर्ती/2014/56 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. श्री/श्रीमती/सुश्री ANUJ PAL पिता/पति श्री HANUMAN पता 538KHA/159KA ROOPPUR KHADRA SITAPUR ROAD LUCKNOW-226020.
2. सम्बन्धित प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0।
3. सम्बन्धित संयुक्त निदेशक(प्रशि0/शिक्षु), उ0प्र0।
4. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0।
5. सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी।
6. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निदेशालय।

(राजेन्द्र प्रसाद)
निदेशक

स्पीड-पोस्ट

सेवा में,
ANUJ PAL c/o HANUMAN,
538KHA/159KA ROOPPUR KHADRA SITAPUR ROAD LUCKNOW-226020
District: LUCKNOW, State: UTTAR PRADESH